न्यायालय, उपखण्ड अधिकारी एंव पदेन भूअभिलेख अधिकारी श्रीकरणपुर, जिला श्री गंगानगर

पीठासीन अधिकारी : श्री श्योराम {आर.ए.एस.}

प्रकरण संख्या : 61/2025(जी.सी.एम.एस. 2025/82)

वादी	बनाम	प्रतिवादी
1. हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह जाति जटसिख निवासी 12 एफ ए तहसील श्रीकरणपुर।		1. स्टेट ऑफ राजस्थान जरिये तहसीलदार श्रीकरणपुर

तारीख रजू:– 25.03.2025

उपस्थितः 1.श्री मनीष जागिंड, श्री इन्द्राज सेजू अधिवक्ता वादी

वाद पत्र अन्तर्गत धारा 88 आरटीए, 136 एलआरएक्ट,

—निर्णय—

दिनांक : 30.04.2025

1. संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि वादी के द्वारा वाद पत्र पेश कर निवेदन किया कि राजस्व ग्राम 11 एफ ए, पटवार हल्का शेखसरपाल, भू.अ.नि.क्षेत्र 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2073 ता 2076 के खाता संख्या 62/62 व खाता संख्या 15/14 में नाबलिग हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह सरंक्षक समनदीप कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। वादी की जन्म दिनांक 23.02.2007 है और वादी की वर्तमान आयु 18 वर्ष 1 माह हो चुकी है। राजस्व अभिलेख में वादी का नाम नाबालिग हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह संरक्षक समनदीप कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह दर्ज है। वादी वर्तमान में बालिग होने के कारण, उक्त राजस्व अभिलेख में संशोधन करवा पाने का अधिकारी है। वादी के नाम में नाबालिग व सरंक्षक का नाम अंकित होने के कारण वादी को काफी असुविधा होती है। कृषि भूमि को हिस्सा, ठेका पर काश्त करवाने, पानी की बारी बंधवाने, कृषि भूमि पर बैंक ऋण आदि प्राप्त करने, कृषि भूमि पर प्राप्त होने वाली राज्य सरकार/केन्द्र सरकार से अनुदान राशि, मुआवजा राशि इत्यादि प्राप्त करने अन्य विभिन्न समस्याओं से झूजना पड़ता है। इस कारण वादी मुताबिक दस्तावेजो के आधार पर नाम संशोधित करवाने हेतु घोषणात्मक अनुतोष का वाद पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर रहा है। यही वाद कारण है। वादपत्र न्यायालय के क्षेत्राधिकार, श्रवणाधिकार व पूर्ण कोर्ट फीस पर पेश है। अतः वाद पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि वाद पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 11 एफ ए, पटवार हल्का शेखसरपाल, भू.अ.नि.क्षेत्र 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2073 ता 2076 के खाता संख्या 62/62 व खाता संख्या 15/14 में नाबलिग हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह सरंक्षक समनदीप कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह के स्थान पर हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह जाति जटसिख निवासी 12 एफ ए दर्ज किए जाने के आदेश दिए जावे।
2. वादपत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादी को जरिए सम्मन तलब किया गया। तहसीलदार श्रीकरणपुर के पंत्राक 828 दिनांक 21.04.2025 से रिपोर्ट प्राप्त हुई। तहसीलदार श्रीकरणपुर की रिपोर्ट मुताबिक वादी की जन्म दिनांक 23.02.2007 है और वादी की वर्तमान आयु 18 वर्ष हो चुकी है। वर्तमान में वादी बालिग होने के कारण राजस्व अभिलेख में संशोधन किया जाना उचित है।
3. बहस सुनी गई व पत्रावली का अवलोकन किया, वादपत्र वादी, शपथ पत्र, रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर का अध्ययन किया। वादी अधिवक्ता की बहस को सुनते हुए संगत विधिक प्रावधानों का अध्ययन किया। पत्रावली तथा इसके साथ प्रस्तुत दस्तावेजात यथा राजस्व ग्राम 11 एफ ए, पटवार हल्का शेखसरपाल, भू.अ.नि.क्षेत्र 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2073 ता 2076 के खाता संख्या 62/62 की प्रति, राजस्व ग्राम 11 एफ ए, पटवार हल्का शेखसरपाल, भू.अ.नि.क्षेत्र 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2073 ता 2076 के खाता संख्या 15/14 की प्रति, जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति, पैन कार्ड की छायाप्रति, कक्षा 10 वीं की अंकतालिका की छायाप्रति के अवलोकन से स्पष्ट है,

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

कि वादी के द्वारा राजस्व ग्राम 11 एफ ए, पटवार हल्का शेखसरपाल, भू.अ.नि.क्षेत्र 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2073 ता 2076 के खाता संख्या 62/62 व खाता संख्या 15/14 में नाबलिग हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह सरंक्षक समनदीप कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह के स्थान पर हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह जाति जटसिख निवासी 12 एफ ए दर्ज करवाने बाबत निवेदन किया गया है। वादी के आयु सम्बन्धी दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति, कक्षा 10 वीं की अंकतालिका, पैन कार्ड की छायाप्रति में जन्म दिनांक 23.02.2007 अंकित है। तहसीलदार श्रीकरणपुर की रिपोर्ट मुताबिक वादी की जन्म दिनांक 23.02.2007 है और वादी की वर्तमान आयु 18 वर्ष हो चुकी है। वर्तमान में वादी बालिग होने के कारण राजस्व अभिलेख में संशोधन किया जाना उचित है। अतः वाद पत्र वादी रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर, वादी के द्वारा प्रस्तुत पहचान सम्बन्धी दस्तावेजात, शपथ पत्र, के आधार पर स्वीकार किया जाना हम विधिसंगत समझते है।

—:आदेश:—

4. अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में वादपत्र वादी अंतर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955, 136—राजस्व भू अधिनियम 1956 भली—भांति साबित होने से स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 11 एफ ए, पटवार हल्का शेखसरपाल, भू.अ.नि.क्षेत्र 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2073 ता 2076 के खाता संख्या 62/62 में क्रम संख्या 2 पर व खाता संख्या 15/14 में क्रम संख्या 15 पर अंकित नाबलिग हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह सरंक्षक समनदीप कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह के स्थान पर हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह जाति जटसिख निवासी 12 एफ ए दर्ज किये जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खातों के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे। पर्चा डिक्री इस आशय का जारी हो। पर्चा डिक्री की एक प्रति तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ प्रेषित हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/ लेख भण्डार जमा हो।

{श्योराम (आरएएस)}
सहायक कलेक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

निर्णय आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे ईजलास सुनाया गया।

{श्योराम (आरएएस)}
सहायक कलेक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

अंतिम डिक्री बमुकदमे इब्तदाई

{ऑर्डर 20, रूल 6-7, जाब्ता दीवानी}
(Civil Procedure Code, Appendix "D-1")

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी {राजस्व} मुकाम श्रीकरणपुर
ब इजलास श्री श्योराम (आर.ए.एस.)

हरमन सिंह बनाम राजस्थान सरकार
धारा अन्तर्गत 88 आरटीए, 136 एलआरएक्ट
मुकदमा नम्बर **61/2025**
निर्णय दिनांक :- 30.04.2025

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर व हाजरी **वादी अधिवक्ता श्री मनीष जागिंड, श्री इन्द्राज सेजू उपस्थित होने पर** आदेश दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि वादपत्र वादी अंतर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955, 136-राजस्व भू अधिनियम 1956 भली-भांति साबित होने से स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 11 एफ ए, पटवार हल्का शेखसरपाल, भू.अ.नि.क्षेत्र 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबंदी सम्वत 2073 ता 2076 के खाता संख्या 62/62 में क्रम संख्या 2 पर व खाता संख्या 15/14 में क्रम संख्या 15 पर अंकित नाबलिग हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह सरंक्षक समनदीप कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह के स्थान पर हरमन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह जाति जटसिख निवासी 12 एफ ए दर्ज किये जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खातों के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे।

आज दिनांक 30.04.2025 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

{श्योराम (आर.ए.एस.)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

मुददई	रुपया	पैसा	मुदायली	रुपया	पैसा
स्टाम्प अर्जीदावा	02	00	स्टाम्प वकालतनामा	00	00
स्टाम्प वकालतनामा	02	00	स्टाम्प अर्जी	00	00
स्टाम्प ड्यूटी	00	00	मेहनताना वकील पर	00	00
योग	**04**	**00**	**योग**	**00**	**00**

{श्योराम (आर.ए.एस.)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

दिनांक: 30.04.2025

क्रमांकः रीडर/2025/254

प्रतिलिपिः तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ भेजकर लेख है कि उक्त डिक्री की नियमानुसार पालना कर, पालना रिपोर्ट अद्योहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में भिजवाना सुनिश्चित करे।

{श्योराम (आर.ए.एस.)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर